>

Title: Need to provide employment to the displaced persons of the Damodar Valley Project.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दामोदर वेली कॉर्पोरेशन के विस्थापितों की समस्या पर रखना चाहता हूं।

महोदय, दामोदर वेली कॉर्पोरेशन को बने करीब पचास वर्ष हो चुके हैं, लेकिन इस परियोजना के मैथन पंचेत तथा तिलैय्या डेम के विस्थापितों की आज तक नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पायी है। इतने वर्षों से लगातार सीधे नियोजन की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन विस्थापितों को उचित भागीदारी नियोजन में नहीं दी गई है, जिसकी वजह से विस्थापितों की समस्या ज्यों की त्यों पड़ी हुई है। विस्थापित परिवार लगातार आंदोलन कर रहे हैं और हर एक आंदोलन में हजारों की संख्या में परिवार भाग लेते हैं और हमेशा विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। पिछले वर्ष तीन-चार बढ़े आंदोलन हुए थे और जून में फिर से बढ़े आंदोलन करने की तैयारी में है। अतः सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि सभी विस्थापितों के परिवारों को मान्य नियम के अनुसार, जो नियम है, उसके अनुकूल अविलम्ब नियोजन की व्यवस्था करे। सरकार उनको नियोजन के बदले एक छोटी सी राशि देने के लिए तैयार है, लेकिन उनको नियोजन देने को तैयार नहीं है। वे लोग उस राशि को लेने को तैयार नहीं हैं, इसलिए सरकार से मेरी मांग होगी कि वह उनको इम्पलॉयमेंट दे, उनका नियोजन करे।